राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने न्यायमूर्ति श्री माहान्ती को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई
—

जयपुर, 6 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को प्रातः यहां राजभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के लिए मनोनीत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री इन्द्रजीत माहान्ती को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति श्री माहान्ती ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। न्यायमूर्ति श्री माहान्ती राजस्थान उच्च न्यायालय के 37 वें मुख्य न्यायाधीश हैं।

समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता ने राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द द्वारा जारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, मंत्री मण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, विभिन्न आयोगों के अध्यक्षगण, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, अधिवक्तागण, मीडिया के प्रतिनिधिगण, न्यायमूर्ति श्री माहान्ती की पत्नी श्रीमती कविता, पुत्र श्री सत्यजीत और पुत्री सुश्री आकांक्षा सहित परिवारजन उपस्थित थे।

————

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल